फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,


जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक कैम्प / मीरजापुर / 01 दिनांक 13.06.2026

विषयः— जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 12.06.2026 को अनुरूद्धपुर चौपाल में जल जीवन मिशन पर ग्रामीणों की आपत्तियांः कई विभागो के अधिकारी अनुपस्थित, 15 दिन में समाधान का आश्वासन" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 12.06.2026 को "अनुरूद्धपुर चौपाल में जल जीवन मिशन पर ग्रामीणों की आपत्तियांः कई विभागो के अधिकारी अनुपस्थित, 15 दिन में समाधान का आश्वासन" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोन में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना—भूजल श्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार में वर्णित ग्राम अनुरूद्धपुर में कुल 210 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति की जा रही थी। परन्तु लोक निर्माण विभाग द्वारा 1.50 कि0मी0 रोड़ चौड़ीकरण के कारण समस्त पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन क्षतिग्रस्त कर दिये गये है, जिससे जलापूर्ति प्रभावित है। उक्त ग्राम में नवीन पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है दिनांक 30.06.2026 तक कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।





भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता